सीबीएसई/समन्वय/सीडब्ल्यूएसएन-सीएएमसी/2024 **दिनांक:18.01.2024**

सेवा में,
सीबीएसई से सम्बद्ध स्कूलों के
प्रधानाचार्य/संस्थानों के प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: बोर्ड परीक्षा 2024 में सीडब्ल्यूएसएन छात्रों द्वारा छूट/सुविधाएँ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल के संबंध में

महोदया/महोदय,

यह सीबीएसई के पत्र सं. सीबीएसई/समन्वय/एलओसी सुधार/2023 दिनांक 03.01.2023 के क्रम में है, जिसके तहत स्कूलों को **"परीक्षा संगम"** पोर्टल के माध्यम से सीडब्ल्यूएसएन छात्रों की स्थिति को अपडेट करने का निदेश दिया गया था।

प्रत्येक वर्ष, बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन से ठीक पहले सीएसडब्ल्यूएन छात्र परीक्षाओं के आयोजन के दौरान बोर्ड के नियमों के अनुसार सुविधाएं/छूट प्राप्त करने के लिए बोर्ड से अनुरोध कर रहे हैं। यदि सीडब्ल्यूएसएन छात्र, परीक्षाओं के दौरान सीबीएसई द्वारा अनुमत किसी भी सुविधा/छूट का लाभ उठाना चाहते हैं, तो इस आशय हेतु पिछले वर्ष की भांति अनुरोध संबंधित स्कूल द्वारा वेब पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है।

स्कूल अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके पोर्टल में लॉग-इन करेंगे, जिसमें उन्हें अपने सीएसडब्ल्यूएन छात्रों की सूची और प्रत्येक श्रेणी के छात्रों को उनकी दिव्यांगता अनुसार अनुमेय सुविधाएं प्रदर्शित की जाएंगी। यदि छात्र इनमें से किसी सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, तो उसका चयन करना होगा ताकि प्रवेश पत्र में ही विवरण उपलब्ध कराया जा सके और केंद्र अधीक्षक को इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निदेश दिया जाएगा। उक्त सुविधा का वेब लिंक **"परीक्षा संगम"** पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है।

इसलिए यह अनुरोध किया जाता है कि यदि सीएसडब्ल्यूएन छात्र लागू सुविधाओं का लाभ उठाना चाहते हैं, तो स्कूलों द्वारा ही विवरण भर उक्त दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करवाया जाएगा

जो **19.01.2024 (शुक्रवार) से 24.01.2024 (बुधवार) तक** उपलब्ध कराया जाएगा। स्कूलों द्वारा छूट लेने के लिए सीबीएसई को पूर्व प्रेषित अनुरोध भी उक्त समय-सारणी के दौरान स्कूलों द्वारा वेब पर अपलोड किया जाएगा।

दिनांक 24.01.2024 के बाद और ऑफ़लाइन मोड में छूट के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/-
(डा. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

वेब प्रशासक को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित प्रति